# अर्द्धवार्षिक परीक्षा, 2022-23

## विषय-हिन्दी अनिवार्य

**समय : 3.15 घण्टे ]** **कक्षा-XI** **[ पूर्णांक : 70**

**निर्देश**—1. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

2. प्रश्न पत्र में कुल प्रश्नों की संख्या 21 है।

3. प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 1 + 1 + 1 = 3

बंशीधर ने गरम होकर कहा—'एक हजार नहीं, एक लाख भी मुझे सच्चे मार्ग से नहीं हटा सकते।' धर्म की इस बुद्धिहीन दृढ़ता और देव-दुर्लभ त्याग पर धन बहुत झुँझलाया। अब दोनों शक्तियों में संग्राम होने लगा। धन ने उछल-उछलकर आक्रमण करने शुरू किए। एक से पाँच, पाँच से दस, दस से पन्द्रह और पन्द्रह से बीस हजार तक नौबत पहुँची, किन्तु धर्म अलौकिक वीरता के साथ इस बहुसंख्यक सेना के सम्मुख अकेला पर्वत की भाँति अटल, अविचलित खड़ा था।

(i) अलोपीदीन को झुँझलाहट क्यों हुई? 2

(ii) अलोपीदीन द्वारा एक हजार रुपये देने के प्रस्ताव पर बंशीधर ने क्या कहा? 1

(iii) उपर्युक्त गद्यांश में अलौकिक वीरता की संज्ञा किसे दी गई? 1

2. 'मियां नसीरुद्दीन' नामक पाठ के आधार पर मियां नसीरुद्दीन की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 3

अथवा

'नमक का दरोगा' कहानी के प्रमुख पात्र बंशीधर के चरित्र की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

3. लॉर्ड कर्जन को इस्तीफा क्यों देना पड़ा? 2

4. गलता लोहा कहानी के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए। 2

5. मनु भण्डारी अथवा सुमित्रानंदन पंत का साहित्यिक परिचय लिखिए। 4

6. 'अप्पू के ढाई साल' नामक संस्मरण में किस फिल्म की घटनाओं का वर्णन किया गया है? 1

7. 'डायरेक्टर ऑफ एजुकेशन' ने रजनी के किस सुझाव को स्वीकार कर लिया? 1

8. निम्नांकित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 1 + 1 + 1 = 3

कहाँ तो तय था चिरागा हरेक घर के लिए,
कहाँ चिराग मयस्सर नहीं शहर के लिए,
यहाँ दरख्तों के साये में धूप लगी है,
चलो यहाँ से चलें उम्र भर के लिए।

(i) चिरागा शब्द किसका प्रतीक है? 1

(ii) पद्यांश में कवि ने 'साये में धूप लगना' किसे कहा है? 1

(iii) कवि के अनुसार पहले से क्या तय था? 1

9. मीरां की काव्यगत विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। 3

10. "मेरा आत्म-प्रलय होता है, नयन-नीर झड़ते हैं।" पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 2

11. "वे आँखें" कविता का मूल भाव लिखिए। 2

12. मीरा ने अपना पति किसे माना है? 1

13. कवि ने 'सावन' से कहा है—'तुम बरस लो वे न बरसें।' इस पंक्ति में 'बरस' एवं 'बरसें' का क्या अर्थ है? 1

14. संगीत के क्षेत्र में सुर सम्राज्ञी लता जी के योगदान को स्पष्ट कीजिए। **अथवा** 4

राजस्थान की मरुभूमि में कुई निर्माण की प्रक्रिया को सविस्तार लिखिए।

**निम्नांकित लघूत्तरात्मक प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए—** 2 × 3 = 6

15. (i) कुई का मुख (मुँह) छोटा क्यों रखा जाता है? 2

(ii) तातुश कौन थे? उन्होंने बेबी हालदार की क्या मदद की? 2

(iii) 'मेरा इतना सुख अब तक कहा था?' बेबी हालदार ने ऐसा क्यों सोचा? 2

(iv) चेजारो के प्रति ग्रामीण लोगों के व्यवहार में क्या अंतर आया है? स्पष्ट कीजिए। 2

16. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 1 × 7 = 7

साहित्य का आधार जीवन है। इसी नींव पर साहित्य की दीवार खड़ी होती है। उसकी अटारियां, मीनार और गुंबद बनते हैं, लेकिन बुनियाद मिट्टी के नीचे दबी पड़ी है। उसे देखने का यों जी नहीं चाहेगा। जीवन परमात्मा की सृष्टि है, इसलिए अनंत है, अबोध्य है, अगम्य है। साहित्य मनुष्य की सृष्टि है, इसलिए सुबोध है, सुगम है और मर्यादाओं से परिचित है। जीवन परमात्मा को अपने कामों का जवाबदेह है या नहीं, हमें मालूम नहीं लेकिन साहित्य तो मनुष्य के सामने जवाबदेह है। इसके लिए कानून है, जिनसे वह इधर-उधर नही हो सकता।

जीवन का उद्देश्य ही आनंद है। मनुष्य जीवन पर्यंत आनंद की ही खोज में लगा रहता है। किसी को वह रत्न द्रव्य में मिलता है, किसी को भरे-पूरे परिवार में, किसी को लम्बे-चौड़े भवन में, किसी को ऐश्वर्य में, लेकिन साहित्य का आनंद इस आनंद से ऊँचा है, इससे पवित्र है, इसका आधार सुंदर एवं सत्य से मिलता है। उसी आनंद को दर्शाना है, वही आनंद उत्पन्न करना साहित्य का उद्देश्य है।

(i) प्रस्तुत अपठित गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (ii) 'अगम्य' शब्द में उपसर्ग क्या प्रत्यय लिखिए। 1

(iii) मनुष्य जीवन का उद्देश्य क्या है? (iv) साहित्य की दीवार किस पर खड़ी है? 1

(v) साहित्य की सृष्टि कौन करता है? (vi) साहित्य के आनंद का आधार कैसा है? 1

(vii) 'आनंद' का विलोम शब्द लिखिए। 1

17. निम्नलिखित अपठित पद्यांश के प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 1 × 7 = 2

यह धरती है उस किसान की,
जो बैलों के बंधों पर,
बरसात धाम में,
जुआ भाग्य का रख देता है।

खून चाटती वायु में,
जोत डालता है मिट्टी को,
पोस डालकर,
और बीज बो देता है,
नये वर्ष में नई फसल के।
ढेर अन्न का लग जाता है।

यह धरती है उस किसान की
नहीं कृष्ण की, नहीं राम की,
नहीं राव की, नहीं रंक की,
नहीं तेग, तलवार धर्म की,
धरती है केवल किसान की।।

(i) पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (ii) कवि ने इस कविता मे किसका गुणगान किया है? 1

(iii) पद्यांश में वायु की क्या विशेषता बतायी गयी है? (iv) कविता में किस युग की अभिव्यक्ति हुई है? 1

(v) कवि ने धरती का असली स्वामी किसे कहा है? (vi) पद्यांश में 'भाग्य का जुआ' किसे कहा गया है? 1

(vii) 'रंक' शब्द का अर्थ लिखिए। 1

18. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए— 1

(i) डिजिटल इंडिया (ii) योग : एक जीवन साधना

(iii) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व (iv) कोरोना : वैश्विक महामारी

19. जिला शिक्षा अधिकारी (मा०) झुंझुनू की ओर से सचिव माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राज०, अजमेर को रा०उ०मा०वि० आदर्श नगर, बगड़ को परीक्षा केन्द्र बनाने की स्वीकृति हेतु कार्यालयी पत्र लिखिए। 5

20. 'मोबाइल एवं बाल स्वास्थ्य' विषय पर फीचर लिखिए। 4

21. विद्यालय में आयोजित 'ग्रामीण खेल ओलम्पिक 2022' विषय पर प्रतिवेदन तैयार कीजिए।